वस्त्र मंत्रालय

भारत सरकार

उद्योग भवन, नई दिल्ली

<u>प्रस्ताव हेतु अनुरोध</u>

सेवा में

सभी इच्छुक और पात्र फर्म

विषय: वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के तहत योजनाओं और पहलों के लाभार्थियों के विचारों का सर्वेक्षण करने के लिए एजेंसी हायर करना।

प्रिय महोदय / महोदया,

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं और पहलों के प्रभावी आकलन और लाभार्थी के विचारों के सर्वेक्षण हेतु एजेंसी के चयन के लिए केवल सीपीपी पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से दोहरी बोली प्रणाली के जरिये बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

1. वस्त्र मंत्रालय ने विगत कुछ वर्षों में भारत में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने और समग्र मूल्य श्रृंखला में लोगों की आजीविका में सुधार करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। अन्य योजनाओं के साथ प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टफ़्स), एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी), सिल्क समग्र, पॉवरटेक्स इंडिया और समर्थ जैसी योजनाओं का शुभारंभ भारतीय वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने और भारत को वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए किया गया था।

2. वस्त्र मंत्रालय के तहत विभिन्न योजनाओं के प्रभावी आकलन को लाभार्थियों के दृष्टिकोण से समझने और वस्त्रों की विभिन्न योजनाओं के तहत वस्त्र की समग्र मूल्य श्रृंखला में लाभार्थियों के विचारों और धारणा का विश्लेषण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मंत्रालय ने एजेंसी को हायर करने का प्रस्ताव रखा है।

3. मंत्रालय आरएफपी दस्तावेज़ में विनिर्दिष्ट संदर्भ शर्तों के अनुसार एजेंसियों से ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित करता है। आरएफपी की क्रिटिकल डेट शीट में दिए गए शेड्यूल के अनुसार मंत्रालय की वेबसाइट www.texmin.nic.in और सीपीपीपी साइट http://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किया जा सकता है।

4. इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वे सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (सीपीपीपी, https://eprocure.gov.in/eprocure/app) पर आरएफपी में अपना प्रत्युत्तर ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। भौतिक बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

ह./-

उप निदेशक

(डॉ. जनार्दन राव के)

वस्त्र मंत्रालय,

उद्योग भवन. कमरा संख्या 339

मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली 110011